दोपहर का
सामना
epaper.hindisaamana.com
बुधवार २६ अक्टूबर २०१६ 6

# मौखिक स्वास्थ्य अवॉर्ड ४ को

सामना संवाददाता/ मुंबई

राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य सुश्रुषा अवॉर्ड का आयोजन मुंबई में किया जा रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं कुटुंब कल्याण मंत्री जे. पी.नड्डा मौखिक स्वास्थ्य में विशेष योगदान देनेवाले लोगों को सन्मानित करेंगे। अवॉर्ड समारंभ ४ नवंबर को विलेपारले स्थित होटल सहारा स्टार में होने जा रहा है। इस समारंभ का आयोजन इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) ने किया है। आईडीए जन हितैसी संस्था है जो शिक्षा एवं मानवीय प्रतिबद्धता के लिए अपना योगदान दे रही है। आईडीए के माननीय मुख्य सचिव डॉ अशोक धोबले ने कहा राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य सुश्रुषा एवार्ड द्वारा उनकी संस्था इस क्षेत्र में विशेष सेवा प्रदान करने वालो को सन्मानित कर उनकी प्रतिष्ठा लोगों के सामने लाने की कोशिश कर रही है। आईडीए की स्थापना सन १९४६ में हुई थी। आज आईडीए २९ राज्यों में ४५० से अधिक शाखाओं के साथ समस्त देश में अपना योगदान दे रही है।